परिशिष्ट–1/ Annexure 1

शपथ पत्र / UNDERTAKING

मैं,…….....(पूरा नाम), पुत्र/पुत्री.....

ग्राम/शहर.....जिला.....राज्य.....पिन……..……

शपथपूर्वक यह घोषणा करता/करती हूँ कि :

1. मुझे केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के……..……..परिसर में,…….पाठ्यक्रम के शैक्षणिक सत्र 20___- 20___ में प्रवेश लेना है। मेरा CUET-PG- _____ रोल नंबर…… और वरीयता क्रमांक……है। मैं शिक्षाशास्त्री (B.Ed.) पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित सभी शैक्षणिक एवं अन्य आवश्यक अर्हताओं को पूर्ण करता/करती हूँ।
2. मैंने ..... [शास्त्री / B.A. (संस्कृत) / आचार्य / M.A. (संस्कृत)] की अंतिम वर्ष/सत्र परीक्षा में सम्मिलित होकर अर्हता प्राप्त कर ली है अथवा उसका परिणाम घोषित होना शेष है।
3. मुझे ज्ञात है कि मेरा प्रवेश केवल अनंतिम (Provisional) आधार पर प्रदान किया जा रहा है तथा मुझे विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित तिथि अर्थात् **31 अगस्त 2026** (अथवा विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर निर्धारित अंतिम तिथि) तक अपना अंतिम अंकपत्र, उपाधि प्रमाणपत्र अथवा अन्य अपेक्षित अर्हता संबंधी अभिलेख प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
4. यदि मैं निर्धारित अवधि के भीतर अपेक्षित अर्हता प्रमाण-पत्र अथवा अन्य आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहता/रहती हूँ, तो मेरा प्रवेश बिना किसी पूर्व सूचना के स्वतः निरस्त किया जा सकेगा, जिसे मैं पूर्णतः स्वीकार करता/करती हूँ।
5. प्रवेश निरस्त होने की स्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा लागू नियमों एवं प्रावधानों के अनुसार शुल्क की कटौती/समायोजन किया जाएगा तथा इस संबंध में मेरा कोई दावा, आपत्ति अथवा प्रतिवेदन स्वीकार्य नहीं होगा।
6. मैं यह घोषित करता/करती हूँ कि प्रवेश हेतु मेरे द्वारा प्रस्तुत समस्त विवरण, प्रमाणपत्र एवं दस्तावेज सत्य, वैध, अद्यतन एवं प्रामाणिक हैं। यदि किसी भी स्तर पर कोई सूचना अथवा दस्तावेज असत्य, अपूर्ण, भ्रामक, कूटरचित (forged) अथवा अमान्य पाया जाता है, तो विश्वविद्यालय मेरा प्रवेश
7.
8. निरस्त करने, अनुशासनात्मक कार्यवाही करने तथा आवश्यकतानुसार विधिक कार्यवाही प्रारम्भ करने के लिए स्वतंत्र होगा।
9. मैं यह भी स्वीकार करता/करती हूँ कि प्रवेश संबंधी सभी नियम, विनियम, अधिसूचनाएँ एवं विश्वविद्यालय द्वारा समय-समय पर जारी निर्देश मेरे लिए बाध्यकारी होंगे।

मैं यह घोषणा करता/करती हूँ कि इस शपथ-पत्र में उल्लिखित सभी तथ्य मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार पूर्णतः सत्य एवं सही हैं तथा मैंने किसी भी तथ्य को नहीं छिपाया है।

(_____)

स्थान : _____दिनांक : ____ / ____ / 20_____ **अभ्यर्थी के हस्ताक्षर**

अभ्यर्थी का नाम (स्पष्ट अक्षरों में) :

मोबाइल नंबर : **ई-मेल :**